GXO

वैश्विक व्यापार अनुपालन

प्रयोज्यता

यह वैश्विक व्यापार अनुपालन नीति ("नीति") GXO Logistics, Inc. के साथ-साथ उसकी सभी सहायक कंपनियों, प्रभागों और अन्य परिचालन संस्थाओं (सामूहिक रूप से "GXO" या "कंपनी") पर लागू होती है। GXO के सभी निदेशक, अधिकारी और कर्मचारी, और हमारी ओर से कार्यरत तृतीय पक्ष इस नीति की आवश्यकताओं का पालन करने के अधीन और ज़िम्मेदार हैं। जैसा कि इस नीति में प्रयोग किया गया है, "कंपनी" शब्द पढ़ते समय इस नीति के अधीन सभी व्यक्तियों और संस्थाओं को शामिल किया जाना चाहिए।

1. अवलोकन

GXO अपने व्यवसाय के स्थानों पर सभी प्रयोज्य व्यापार कानूनों और विनियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें U.S., EU, और अन्य नियामकों और देशों द्वारा लागू प्रतिबंध और मंज़ूरी तथा व्यापार प्रतिबंध भी शामिल हैं। चूँकि दूसरे देशों में स्थित GXO के परिचालन निकायों, कर्मचारियों, परिसंपत्तियों, वस्तुओं, प्रौद्योगिकियों या सेवाओं पर, स्थानीय देश के लागू कानून के अतिरिक्त, U.S. का कानून लागू हो सकता है, कंपनी को उन सभी स्थानों पर U.S. के सभी कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा जहाँ वह कारोबार करती है। किसी कानून या विनियम द्वारा U.S. के कानून, या किसी अन्य देश के कानून, का विरोध करने की हद तक, वैश्विक व्यापार अनुपालन टीम की ओर से लिखित सलाह प्राप्त न होने तक, विरोधी कानूनों से संबंधित किसी भी लेन-देन को रोक दिया जाना चाहिए।

2. परिभाषाएँ

2.1. बहिष्कार: किसी विशेष व्यक्ति, संगठन या देश के साथ व्यापार करने पर रोक, बंधन, या अस्वीकृति। जैसा कि इस नीति में उपयोग किया गया है, "बहिष्कार" शब्द में संयुक्त राज्य सरकार द्वारा आरोपित प्रतिषेध या प्रतिबंध शामिल नहीं हैं।

2.2. कंपनी: इस दस्तावेज़ में उपयोग किए गए इस शब्द का तात्पर्य GXO Logistics से है जिसमें उसके सभी व्यावसायिक रूप, GXO के कर्मचारी और "प्रयोजनीयता" में परिभाषित सभी अन्य पक्ष शामिल हैं।

2.3. प्रतिबंध और प्रतिषेध: कुछ निश्चित देशों में व्यापार करने या उनके साथ व्यापार करने की मनाही, या ऐसे व्यक्तियों या निकायों के साथ व्यापार करने की मनाही जिन्हें सरकारों या अंतर्राष्ट्रीय संघों द्वारा प्रतिबंधित के रूप में सूचीबद्ध किया गया हो।

2.4. निर्यात: किसी अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार या, डेटा के मामले में, किसी ऐसे व्यक्ति, चाहे वह कहीं भी स्थित हो, जो डेटा के मूल देश का वैध स्थायी निवासी नहीं है, को वस्तुओं का स्थानांतरण।

2.5. आयात: किसी देश में वस्तुओं की प्राप्ति, और इसमें आमतौर पर कस्टम कानूनों के साथ अनुपालन की आवश्यकता होती है।

2.6. वस्तुएँ: मुख्य रूप से सामान, प्रौद्योगिकी (मुद्रित या इलेक्ट्रॉनिक रूप से संग्रहीत सूचना या बौद्धिक संपदा सहित) और सेवाओं के रूप में परिभाषित।

2.7. पुनर्निर्यात: वस्तुओं को उनके मूल देश से निर्यात किए जाने के बाद उनका एक देश से दूसरे देश में स्थानांतरण।

3. आचरण के मानक

3.1. हम प्रतिषिद्ध देशों या पक्षों के साथ अनधिकृत व्यवसाय नहीं करते: कंपनी इनके साथ अनधिकृत व्यवसाय नहीं करेगी: (i) किसी भी प्रतिबंधित या प्रतिषिद्ध देश में, उसके साथ या उसके लिए; या (ii) यूरोपीय संघ, संयुक्त राष्ट्र, संयुक्त राज्य या प्रतिबंधित या प्रतिषिद्ध पक्षों की अन्य प्रयोज्य सूचियों में शामिल किसी भी व्यक्ति या संस्था के साथ या उसके लिए। इस निषेध में शिपमेंट करने का व्यवसाय, वस्तुएँ भंडारित करने का व्यवसाय, या अन्यथा सेवाएँ प्रदान करना या लेना शामिल है लेकिन यह इनतक सीमित नहीं है। यदि, प्रतिबंध की अनुपयुक्तता, या सरकारी प्राधिकरण की मौजूदगी सहित, ऐसे व्यवसाय के संचालन के लिए वैध आधार है, तो इससे पहले कि ऐसा कोई भी व्यवसाय शुरू किया जा सके, वैश्विक व्यापार अनुपालन टीम की ओर से लिखित सलाह प्राप्त की जानी चाहिए।

3.2. हम ट्रेड बहिष्कार में भाग नहीं लेते: कंपनी ऐसे व्यापार बहिष्कारों में भाग नहीं लेगी जो U.S. सरकार द्वारा अनुमोदित न हों। इसमें किसी विशिष्ट देश, जैसे इज़राइल, के विरुद्ध भेदभाव करने या उसके साथ व्यवसाय करने से इंकार करने के समझौते शामिल हैं। वैश्विक व्यापार अनुपालन टीम को बहिष्कार में भाग लेने के किसी भी अनुरोध की जानकारी दी जानी चाहिए और वह अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए। बहिष्कार के सभी अनुरोध मुख्य अनुपालन अधिकारी या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति द्वारा U.S. सरकार को रिपोर्ट किए जाने चाहिए, जैसा कि U.S. कानून द्वारा आवश्यक बनाया गया है।

3.3. हम शिपमेंट या अन्य लेन-देन उचित ढंग से करते हैं: कोई भी अंतरराष्ट्रीय या घरेलू शिपमेंट या अन्य कोई भी लेन-देन करने से पहले जिसमें आपूर्ति शृंखला या अन्य रसद सेवाएँ (प्रत्येक को "लेन-देन" कहा गया है) शामिल हों, कंपनी सत्यापित करेगी कि वह लेन-देन प्रयोज्य व्यापार नियंत्रणों के संगत हो, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं: (i) लेन-देन प्रयोज्य प्रतिबंधों और प्रतिषेधों का पालन करता हो; (ii) लेन-देन में शामिल सभी पक्षों की जाँच प्रतिषिद्ध पक्ष सूची से मिलान कर की गई हो; (iii) प्रयोज्य होने पर, निर्यात वर्गीकरण का निर्धारण किया गया हो; (iv) उपयुक्त सरकारी प्रमाणीकरण(णों) की पहचान की गई हो; और (v) निर्यात/आयात के सभी अपेक्षित दस्तावेज़ पूरे हों। अतिरिक्त निर्देशों के लिए SharePoint की साइट पर "ट्रेड अनुपालन और थर्ड

©2021 GXO. सर्वाधिकार सुरक्षित

GXO

पार्टी जाँच पड़ताल संसाधन” पर उपलब्ध कृपया GXO की ट्रेड अनुपालन प्रक्रियाओं से परामर्श लें या वैश्विक ट्रेड अनुपालन टीम शीर्षक से Tradecompliance@gxo.com पर संपर्क करें।

3.4. हम निर्यात गतिविधि कानूनी तौर पर पूरी करते हैं: कंपनी लागू होने वाले सभी लाइसेंस और प्राधिकरणों की शर्तों और प्रावधानों का अनुपालन करेगी, जिसमें केवल उन पक्षों और स्थानों को/पर और उनके द्वारा शिपमेंट की रूटिंग शामिल है जिन्हें लाइसेंस और प्राधिकरणों में निर्दिष्ट किया गया है। कंपनी वस्तुओं को ऐसे किसी भी तरीके से नहीं भेजेगी या उनका मार्ग परिवर्तन नहीं करेगी जो ऐसे लाइसेंस या प्राधिकरणों के संगत न हो। U.S. सरकार द्वारा अधिकृत न किए जाने तक, कंपनी हथियारों पर रोक वाले देशों के रास्ते नियंत्रित सैन्य सामान की आवा-जाही नहीं करेगी।

3.5. हम आयात गतिविधि कानूनी तौर पर पूरी करते हैं: किसी देश में कोई वस्तु लाने से पहले कंपनी आयात और कस्टम की सभी शर्तों को पूरा करेगी और लागू सरकारी अधिकारियों को पूरी और सही जानकारी (जैसे वस्तु का विवरण, उसका मूल्य और उसका मूल, तथा लागू कानूनों और विनियमों द्वारा आवश्यक अन्य सारी जानकारी) प्रदान करेगी।

4. लेखा परीक्षा

कंपनी अपने ग्लोबल ट्रेड अनुपालन कार्यक्रम की लेखा परीक्षा और/या स्व-आकलन समय-समय पर करेगी, अंतरराष्ट्रीय ट्रेड नियंत्रणों के संभावित उल्लंघनों की छानबीन करेगी और नुकसान कम करने और उल्लंघन के जोखिम घटाने की सुधारात्मक कार्रवाई करेगी।

5. रिपोर्टिंग

इस नीति के अंतर्गत आने वाले सभी व्यक्तियों को इस नीति और/या प्रयोज्य अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानूनों के संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट तुरंत करनी चाहिए। GXO ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए प्रतिशोध की अनुमति नहीं देता जो सद्भावना से कंपनी नीति या लागू होने वाले कानूनों के संबंध में किसी चिंता, दुराचार, और/या संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करता है। रिपोर्टें Tradecompliance@gxo.com पर ग्लोबल ट्रेड अनुपालन टीम को या ethics@gxo.comपर नैतिकता और अनुपालन कार्यालय में सीधे जमा की जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, आप https://ethics.gxo.com पर हमारी नैतिकता वेबसाइट देख सकते हैं जहां आपको रिपोर्टिंग के अन्य विकल्प मिलेंगे। यदि लागू होने वाले कानून द्वारा अन्यथा प्रतिबंधित न किया गया हो, तो आप अपनी चिंताएँ अनाम रूप से रिपोर्ट कर सकते हैं। इस नीति तथा U.S., E.U. और अन्य नियामकों और देशों के निर्यात नियंत्रणों के बारे में अतिरिक्त जानकारी और मार्गदर्शन Tradecompliance@gxo.com पर वैश्विक व्यापार अनुपालन टीम से प्राप्त किए जा सकते हैं। यदि आप मानते हैं कि ऐसी कोई आवृत्ति है जिसमें यह नीति स्थानीय कानूनी शर्तों का विरोध करती है, तो Tradecompliance@gxo.com पर वैश्विक व्यापार अनुपालन टीम से संपर्क करें।

6. नीति अपवाद

इस नीति से संबंधित कोई भी अपवाद या विचलन कंपनी के मुख्य अनुपालन अधिकारी द्वारा लिखित रूप में अनुमोदित होना आवश्यक है।

7. अनुपालन में विफलता

इस नीति का अनुपालन न होने पर कंपनी और शामिल व्यक्तियों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं जिसमें दीवानी या आपराधिक अभियोग, अर्थदंड और संभावित कारावास शामिल हैं। इस नीति के उल्लंघन के परिणामस्वरूप गंभीर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है जिसमें रोज़गार की समाप्ति शामिल है।

©2021 GXO. सर्वाधिकार सुरक्षित